## आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**दिनांक : 09.07.2025** **समय : 07.10 pm**

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में भारत–नामीबिया के बीच कई समझौता ज्ञापनों पर हुए हस्ताक्षर।
- राज्य मंत्रिपरिषद ने बिजली कंपनियों में 49 हजार से अधिक पदों को दी मंजूरी, मूंग खरीदी का कोटा बढ़ाने के लिए केन्द्र सरकार को लिखेंगे पत्र।
- केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने प्रदेश के सहकारिता क्षेत्र में काम करने वाले कार्यकर्ताओं से किया संवाद।
- प्रदेश में लगातार बारिश से कई जिलों में बाढ़ के हालात, अब तक 14 इंच से अधिक हुई बारिश।

**अब समाचार विस्तार सेः–**

**प्रधानमंत्री- नामीबिया यात्रा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में आज भारत और नामीबिया ने नामीबिया में उद्यमिता विकास केंद्र की स्थापना से संबंधित समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। दोनों देशों ने स्वास्थ्य और चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग पर भी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। नामीबिया की राजधानी विंडहोक में प्रधानमंत्री श्री मोदी और नामीबिया की राष्ट्रपति नेटुम्बो नंदी-नदैतवाह के बीच वार्ता के बाद इन समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। श्री मोदी को द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में योगदान के लिए नामीबिया के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नामीबिया की संसद को संबोधित करेंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री पांच देशों की यात्रा के अंतिम चरण में आज नामीबिया पहुंचे। यह यात्रा भारत के लिए व्यापार के नए क्षेत्रों में प्रवेश के लिए महत्वपूर्ण है।

**कैबिनेट निर्णय**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज भोपाल में राज्य मंत्रीपरिषद की बैठक हुई। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल द्वारा कैबिनेट बैठक में हुए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि बिजली वितरण कंपनियों में 49263 नये पदों को मंजूरी दी गई है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि जल संसाधन विभाग के अंतर्गत कृषि सिंचाई जलकर की राशि

पर ब्याज और दंड राशि को सरकार ने माफ कर दिया है। इसके प्रदेश के 35 लाख किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही लाडली बहनों के खाते में 12 जुलाई को राशि अंतरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि अगले माह अगस्त में रक्षाबंधन के अवसर पर लाड़ली बहना योजना के तहत 250 रूपए की विशेष सहायता राशि भी अंतरित की जाएगी।

मंत्रि-परिषद द्वारा प्रतिकरात्मक वन रोपण निधि (कैम्पा निधि) के लिए वर्ष 2025-26 में 1038 करोड़ रूपये के उपयोग की स्वीकृति दी गयी। इसके साथ ही वर्तमान में चल रहे मूंग खरीदी का कोटा बढ़ाया जाएगा। इस संबंध में केंद्र सरकार को पत्र लिखकर अनुरोध किया जाएगा। उन्होंने बताया कि धरती आबा जनजाति उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जनजातीय क्षेत्रों में 66 नवीन आंगनवाड़ी प्रारम्भ होंगी। इसके लिये नवीन पद और आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण के लिए राशि मंजूर की गई है।

**ग्रोथ कॉन्क्लेव**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 11 जुलाई को ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर, इंदौर में "मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव" में होटल इंडस्ट्री, पर्यटन, रियल एस्टेट और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों के निवेशकों से संवाद करेंगे। इस उच्चस्तरीय आयोजन में देशभर के संबंधित सेक्टर्स के निवेशकों, उद्योगपतियों, कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। कॉन्क्लेव में देशभर से 1500 से अधिक उद्द्योगपति, रियल एस्टेट, होटल इंडस्ट्री और टूरिज्म सेक्टर से जुड़े प्रतिनिधि, निवेशक आदि शामिल होंगे।

अमित शाह संवाद

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज अहमदाबाद में सहकार संवाद के तहत गुजरात, मध्य प्रदेश और राजस्थान की सहकारिता क्षेत्र से जुड़े कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की। अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तहत आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में 'बायलॉज से पैक्स के सशक्तिकरण' को लेकर रायसेन जिले के सलामतपुर के कुंवर सिंह दांगी से संवाद किया। इसके अलावा प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र को लेकर खरगोन जिले के वीरेन्द्र सिंह चौहान से भी चर्चा की। कार्यक्रम में धार की सुदामा आचाल्य ने बताया कि उन्हें को-ऑपरेटिव सोसाइटी द्वारा मिल रहे बिना ब्याज के लोन से बहुत लाभ हुआ है। धार जिले की रूचिका परमार ने पैक्स में छोटे व्यवसायों को लेकर जानकारी साझा की।

शिवराज

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने फसलवार बैठकों के आयोजन के क्रम आज एक वीडियों संदेश जारी करते हुए 11 जुलाई को कोयंबटूर में कपास को लेकर बैठक करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि देश में कपास की उत्पादकता काफी कम है। जिसके कारण किसान संकट में है। इसके लिए उन्होंने किसानों से सुझाव मांगे हैं।

## गुरु पुर्णिमा

प्रदेश में कल गुरु पूर्णिमा के अवसर पर कई धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। खंडवा में दादा जी धूनी वाले की समाधि पर आज से तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा उत्सव प्रारंभ हो गया है। कल यहां विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचना जारी है।

## मौसम

प्रदेश में हो रही भारी बारिश से मंडला, नरसिंहपुर समेत कई जिलों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। नर्मदा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है, इससे कई रास्ते बंद हैं। नरसिंहपुर के कई गांव पानी में डूब गए। प्रदेश में अब तक औसत 14 इंच बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से 74% ज्यादा है। मौसम विभाग ने आज बालाघाट जिले में अत्यधिक बारिश के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा सतना, छिन्दवाड़ा,भिंड, मुरैना सहित 12 जिलों में आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बाकी सभी जिलों में बारिश के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। इस बीच प्रदेश में नर्मदापुरम और बालाघाट जिले में भारी बारिश हो रही है। बालाघाट के कटंगी में करीब 8 इंच से अधिक बारिश दर्ज की गई। वहीं पंचमढ़ी में 5 इंच से अधिक वर्षा हुई है। मौसम विभाग ने 13 जुलाई तक प्रदेश में भारी बारिश की संभावना जताई है। शिवपुरी में आज सुबह से तेज बारिश हो रही है। जिसके कारण कई निचली बस्तियों में जल भराव की स्थिति है। छिन्दवाड़ा, झाबुआ और खंडवा में भी बारिश हो रही है।

**समाचार संक्षेप में .....**

- भारत सरकार के द्वारा एमएसएमई हेकाथॉन 5.0 का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए 14 जुलाई तक अपने अभिनव विचार भेजे जा सकते हैं। इसमें 15 लाख रूपये तक का अनुदान प्राप्त हो सकता है।
- झाबुआ जिले में कलेक्टर नेहा मीना की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की संयुक्त बैठक में स्पॉन्सरशिप योजना और मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना की समीक्षा की गई।
- कटनी जिले में विभिन्न वार्डो में 58 जर्जर मकानों के मालिकों को निगम कार्यालय ने मकान की मरम्मत करने या गिराने की सूचना देने के निर्देश दिये हैं।
- पन्ना टाइगर रिजर्व की पहचान बन चुकी बुजुर्ग हथनी 'वत्सला' का कल निधन हो गया। वत्सला की उम्र करीब 100 वर्ष से भी अधिक थी, वत्सला के निधन पर मुख्यमंत्री ने शोक जताया है।
- छिन्दवाड़ा जिले में आज आयोजित उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर में 174 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया
- खंडवा जिले में जिला स्तरीय पर्यटन क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन खंडवा में 1 अगस्त को किया जाएगा।
  और
- नीमच जिले में कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने आज जावद क्षेत्र के ग्रामों के आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर बच्चों की उपस्थिति पोषण आहार, नाश्ता, भोजन वितरण व्यवस्था का जायजा लिया।

-------------------------